राज्यपाल सचिवालय

राजभवन, जयपुर

**यज्ञ में आहुति देकर, गौ माता की पूजा कर सबके मंगल की कामना की**

**राज्यपाल ने 201 कुंडीय महायज्ञ में भाग लिया**

जयपुर, 9 मार्च। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने रविवार को आदर्श नगर दशहरा मैदान में गौ सेवा समिति और आर्य समाज के तत्वावधान में विश्व शांति और कल्याण के लिए आयोजित 201 कुंडीय महायज्ञ में भाग लिया।

श्री बागडे ने यज्ञ में आहुति दी और गौ माता की पूजा अर्चना कर सबके मंगल की कामना की।

राज्यपाल ने इस दौरान भक्ति संगीत भी सुना ।



